डाक पंजीयन क्र./छ.ग./रायपुर संभाग/14/2024-2026

आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या CHHHIN/2002/09534

# रोजगार और नियोजन

वर्ष-22, अंक-39/40, रायपुर (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित

16/23 अप्रैल 2025 बुधवार, पृष्ठ संख्या 24, नि:शुल्क

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अगुवाई में तकनीकी, रोजगार और समावेश का नया इतिहास गढ़ता छत्तीसगढ़

## तकनीकी क्रांति की राह पर छत्तीसगढ़, बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

छत्तीसगढ़ अब केवल खनिजों और खेतों की धरती नहीं, बल्कि तकनीक, नवाचार और आत्मनिर्भरता का नया केंद्र बन रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में 11 अप्रैल को तीन ऐतिहासिक पहल शुरू की—सेमीकंडक्टर संयंत्र की आधारशिला, अंतरराष्ट्रीय आईटी कंपनियों को ऑफिस स्पेस का आबंटन और महिला-चालित ई-ऑटो सेवा का शुभारंभ। ये तीनों कदम नवा रायपुर को छत्तीसगढ़ की 'सिलिकॉन वैली' और देश का नया तकनीकी गढ़ बनाने की ओर बढ़ते मजबूत कदम हैं। यह केवल विकास नहीं, बल्कि 'विकसित भारत' के सपने की ओर छत्तीसगढ़ का संकल्प है।

### सेमीकंडक्टर संयंत्र
### तकनीकी क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम

छत्तीसगढ़ में देश के सेमीकंडक्टर प्लांट की नींव रखी गई। पोलीमैटेक इलेक्ट्रॉनिक्स द्वारा 1,143 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा यह संयंत्र 10 अरब चिप्स का निर्माण करेगा, जो भारत को 6G/7G, टेलीकॉम और पावर इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाएगा। पोलीमैटेक ने भविष्य में 10,000 करोड़ के निवेश का भी प्रस्ताव दिया है, जिससे 5000 से अधिक युवाओं को रोजगार मिलेगा। खनिज संपदा ही नहीं, तकनीकी समृद्धि का भी केंद्र बनेगा।



### नवा रायपुर
### आईटी हब बनने की ओर अग्रसर

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने स्क्वायर बिजनेस सर्विसेज को 33,000 वर्गफुट का आधुनिक ऑफिस स्पेस सौंपा। खास बात यह है कि इसमें कार्यरत 87% कर्मचारी बीपीएल परिवारों से आते हैं और 83% आरक्षित वर्ग से यही है सच्चे अर्थों में समावेशी विकास। टेलीपरफॉर्मेंस और सीएसएम जैसी अंतरराष्ट्रीय आईटी कंपनियों को भी 75,000 वर्गफुट का क्षेत्र आबंटित किया गया है, जिससे 1500 से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे।



### ई-ऑटो सेवा की शुरुआत
### महिला सशक्तिकरण की नई मिसाल

नवा रायपुर में महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से संचालित होने वाली ई-ऑटो सेवा का शुभारंभ किया। यह पहल 40 महिलाओं को आत्मनिर्भरता की राह पर अग्रसर करेगी और पूरे नवा रायपुर क्षेत्र में पर्यावरण अनुकूल परिवहन सेवा सुनिश्चित करेगी। 'लखपति दीदी योजना' के तहत महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगी। महिलाओं की मासिक आय में वृद्धि होगी और वे आर्थिक रूप से सशक्त बनेंगी।



---

**मंत्रिपरिषद के निर्णय**

### युवाओं, किसानों और उद्योगों को एक साथ मिली नई उड़ान

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में मंत्रालय में संपन्न हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में विकास को नई दिशा देने वाले और भरोसे को मजबूत करने वाले कई ऐतिहासिक निर्णय लिए गए।

- राज्य लोक सेवा आयोग, व्यापम एवं विशेष कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड की परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले स्थानीय युवाओं को दी गई परीक्षा फीस अब लौटाई जाएगी।
- छत्तीसगढ़ बकाया कर, ब्याज एवं शास्ति के निपटान (संशोधन) अध्यादेश-2025 को मंजूरी दी गई।
- छत्तीसगढ़ बनेगा फैशन शिक्षा का नया सेंटर, 271.18 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा आधुनिक कैंपस।
- नगरीय निकायों में जैव अपशिष्ट और कृषि अपशिष्ट से ऊर्जा उत्पादन के लिए बायो-CNG संयंत्रों की स्थापना को मिली मंजूरी।
- सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) में वितरित की जाने वाली शक्कर का क्रय राज्य की सहकारी चीनी मिलों से किया जाएगा।
- भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड को छत्तीसगढ़ में हैवी अर्थ मूविंग इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग संयंत्र स्थापित करने की सैद्धांतिक मंजूरी।

## 'मोर दुआर - साय सरकार महाअभियान' का शुभारंभ

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने बस्तर जिले के ग्राम घाटपदमपुर से 'मोर दुआर - साय सरकार महाअभियान' का शुभारंभ किया। यह महाभियान प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत 'आवास प्लस 2.0' सर्वेक्षण के लिए प्रदेशभर में 15 से 30 अप्रैल तक चलाया जा रहा हैं। मुख्यमंत्री ने स्वयं गांव पहुंचकर हितग्राहियों के घरों में जाकर सर्वेक्षण किया और अभियान की मंशा को धरातल पर उतारने का संदेश दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा, "हमारा लक्ष्य है कि राज्य का कोई भी पात्र ग्रामीण परिवार पक्के मकान से वंचित न रहे। यह अभियान जनभागीदारी और पारदर्शिता के साथ चलेगा, ताकि हर जरूरतमंद को योजना का लाभ समय पर मिल सके।"

**अभियान तीन चरणों में**

- पहला चरण (15-19 अप्रैल): जिला और ब्लॉक स्तर पर तैयारी और प्रारंभिक सर्वेक्षण।
- दूसरा चरण (20-28 अप्रैल): सभी ग्रामों में ग्राम सभाएं आयोजित कर पात्र परिवारों का घर-घर जाकर सर्वेक्षण।
- तीसरा चरण (29-30 अप्रैल): सर्वेक्षणों की पुष्टि, ग्राम सभा की स्वीकृति तथा अंतिम रिपोर्ट राज्य कार्यालय को प्रेषित।

**हर गांव में होगा सर्वेक्षण**

राज्य सरकार की विशेष पहल पर शुरू हुए इस महाअभियान के तहत छत्तीसगढ़ के प्रत्येक गांव में ऐसे परिवारों की पहचान की जाएगी, जिन्हें अब तक किसी भी आवास योजना के तहत पक्का मकान नहीं मिला है। इन परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना प्लस 2.0 के तहत आवास स्वीकृत किया जाएगा।

**मोर दुआर - साय सरकार महाअभियान**

मुख्यमंत्री की उस सोच का विस्तार है, जिसमें सरकार खुद जनता के द्वार पर पहुंचकर उनकी जरूरतों को समझती है और समाधान करती है।

**निवेश का नया हब**

### छत्तीसगढ़ देश के टॉप 10 निवेश राज्यों में शामिल

देशभर में निवेश के लिए किए गए एक सर्वेक्षण में राज्य को देश के शीर्ष दस निवेश गंतव्यों में स्थान मिला है। प्रोजेक्ट टुडे द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025 में छत्तीसगढ़ को 218 नई औद्योगिक परियोजनाओं के लिए कुल 1,63,749 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हुआ, जो देश के कुल निवेश का 3.71% है।

अब तक राज्य में कुल 4.4 लाख करोड़ रुपये का औद्योगिक निवेश हो चुका है, जो इसे भारत के तेजी से उभरते औद्योगिक हब के रूप में स्थापित करता है।

---

**एक और गारंटी पूरी**

सीएससी के सेवा प्रदाताओं और सरपंचों के बीच एमओयू, सरकार का उद्देश्य सभी को लाभ पहुंचाना

## छत्तीसगढ़ की 1460 पंचायतों में शुरू होंगी डिजिटल सेवाएं

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश में डिजिटल सेवाओं के एक नए युग की शुरुआत होने जा रही है। 24 अप्रैल, पंचायत दिवस से प्रदेश की 1460 ग्राम पंचायतों में सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) के सेवा प्रदाताओं और सरपंचों के बीच समझौता पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इसके बाद, 'अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र' के तहत ग्रामीणों को नगद भुगतान सहित अन्य डिजिटल सेवाओं का लाभ मिलेगा।

**ग्रामीणों को मिलेंगी ये प्रमुख सेवाएं**

- नगद निकासी व ट्रांजैक्शन सुविधा
- बिजली-पानी बिल का भुगतान
- पेंशन और बीमा सेवाएं
- जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र सहित अन्य दस्तावेज

**योजनाओं का लाभ गांव में**

- किसान धान भुगतान,
- महतारी वंदन योजना की राशि
- वृद्धावस्था व विधवा पेंशन का वितरण
- डिजिटल सेवाओं के जरिए सीधा लाभ




**डिजिटल साक्षरता**

**प्रशासन में पारदर्शिता**

सीएससी के सेवा प्रदाताओं और सरपंचों के बीच हुए इस एमओयू से न केवल डिजिटल साक्षरता में वृद्धि होगी, बल्कि यह ग्रामीण इलाकों में प्रशासनिक कार्यों को सरल और पारदर्शी बनाने में भी मदद करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि, "हमने मोदी जी की गारंटी के तहत पिछले सवा साल में कई महत्वपूर्ण वादों को पूरा किया है और अब डिजिटल सेवाओं का विस्तार करना सरकार का प्रमुख उद्देश्य है।"

## रिक्रूटमेंट नोटिस

**दिल्ली यूनिवर्सिटी**
पदः असिस्टेंट प्रोफेसर
पद संख्याः 16
अंतिम तिथिः 26 अप्रैल
https://www.du.ac.in/

**बीपीएससी**
पदः असिस्टेंट प्रोफेसर
पद संख्याः 1722
अंतिम तिथिः 7 मई
https://bpsc.bihar.gov.in/

**भारतीय रेलवे**
पदः असिस्टेंट लोको पायलट
पद संख्याः 9900
अंतिम तिथिः 9 मई
https://ind ianrailways.gov.in/

**सीसीआईएलटीडी**
पदः अपर-महाप्रबंधक व अन्य
पद संख्याः 14
अंतिम तिथिः 12 मई, 2025
cciltd.in

**यूकेएसएसएससी**
पदः ग्रुप सी
पद संख्याः 416
अंतिम तिथिः 15 मई
https://sssc.uk.gov.in/

**ASRB NET 2025**
पदः ARS सहित अन्य
पद संख्याः 582
अंतिम तिथिः 21 मई 2025
asrb.org.in

**एएआई**
पदः जूनियर एग्जीक्यूटिव
पद संख्याः 309
अंतिम तिथिः 24 मई
https://www.aai.aero/

वर्ष-22, अंक-39/40, रायपुर
**रोजगार और नियोजन**
प्रधान संपादक : डॉ. रवि मित्तल
संपादक : जवाहर लाल दरियो
सहायक संपादक : गीतांजलि नेताम
संपादकीय : संदीप सिन्हा
ग्राफिक डिजाइनर : धनेश कुमार दिवाकर
डाटा एंट्री आपरेटर : अंजुरानी, राकेश साहू
वितरण व्यवस्था : विक्रांत
- कार्यालय पता -
छत्तीसगढ़ संवाद
(छत्तीसगढ़ शासन जनसंपर्क विभाग का उपक्रम)
नार्थ ब्लॉक, सेक्टर 19,
अटल नगर, नवा रायपुर (छत्तीसगढ़)
फोन-0771-2512582, 2512583
ईमेल पता
rojgaraurniyojan@gmail.com
**रोजगार और नियोजन निःशुल्क है।**

रोजगार और नियोजन में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। रोजगार और नियोजन में प्रकाशित होने वाले लेखों के लिए लेखकों को नियमानुसार मानदेय प्रदान किए जाने की व्यवस्था है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र रायपुर रहेगा।

### पिक ऑफ द वीक



भारत के सबसे सुंदर जलप्रपातों में से एक जलप्रपात कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के भीतर स्थित है।

# शांति की राह पर एक नई शुरुआत
# छत्तीसगढ़ में लागू हुई आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति-2025

पुनर्वास समिति गठित करने के निर्देश, आत्मसमर्पित नक्सलियों और पीड़ितों को मिलेगा सम्मान और सहायता

छत्तीसगढ़ शासन ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति स्थापित करने और हिंसा से पीड़ित नागरिकों तथा आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए 'नक्सलवादी आत्मसमर्पण/पीड़ित राहत पुनर्वास नीति-2025' को राज्य में लागू कर दिया है। यह नीति गृह विभाग द्वारा 28 मार्च 2025 को अधिसूचित की गई और अब इसे सभी जिलों में प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जा रहा है। इस नीति के तहत आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को उनके द्वारा जमा किए गए हथियारों के अनुसार प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। साथ ही, हिंसा से प्रभावित नागरिकों को भी राहत एवं पुनर्वास के प्रावधानों का लाभ मिलेगा।

### डिजिटल पोर्टल पर ट्रैक होगी

गृह विभाग एक विशेष डिजिटल पोर्टल विकसित कर रहा है, जहां आत्मसमर्पित नक्सलियों और पीड़ितों की जानकारी दर्ज की जाएगी। प्रत्येक लाभार्थी को यूनिक आईडी दी जाएगी, जिससे उनकी पुनर्वास प्रक्रिया की नियमित मॉनिटरिंग संभव होगी।

**आत्मसमर्पण पर प्रोत्साहन राशि**

| राशि | हथियार |
|---|---|
| 5 लाख रुपए | LMG पर |
| 4 लाख रुपए | AK-47 / त्रिची असॉल्ट राइफल |
| 2 लाख रुपए | SLR / इंसास राइफल |
| 2.50 लाख रुपए | मोर्टार पर |
| 1.50 लाख रुपए | MP-9 टैक्टिकल पर |
| 1 लाख रुपए | थ्री नॉट थ्री राइफल पर |



### जिलों में पुनर्वास समिति गठित होगी

अधिसूचना के अनुसार, प्रत्येक जिले में जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में पुनर्वास समिति का गठन किया जाएगा। समिति में पुलिस अधीक्षक सचिव होंगे, जबकि वनमंडलाधिकारी, जिला पंचायत के सीईओ, दो नामांकित अधिकारी एवं सशस्त्र बलों के प्रतिनिधि सदस्य के रूप में शामिल होंगे।

### नोडल अधिकारी होंगे नियुक्त

प्रत्येक जिले और उप-मंडल स्तर पर एक-एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति का भी निर्णय लिया गया है, जो नीति से संबंधित सभी कार्यों की निगरानी करेंगे। इनकी जानकारी राज्य शासन को उपलब्ध कराई जाएगी।

### अब तक के प्रकरण होंगे चिन्हित

गृह विभाग ने निर्देशित किया है कि वर्ष 2000 से अब तक के सभी नक्सली हिंसा पीड़ितों के प्रकरणों को चिन्हित कर, प्राथमिकता के आधार पर पुनर्वास की प्रक्रिया शुरू की जाए।

### रेलवे में 9970 असिस्टेंट लोको पायलट पदों पर भर्ती

भारतीय रेलवे में असिस्टेंट लोको पायलट के 9970 पदों पर भर्ती की घोषणा की गई है। आवेदन प्रक्रिया 12 अप्रैल से शुरू हो गई है और अंतिम तिथि 11 मई 2025 है। यह भर्ती बिलासपुर, भोपाल, भुवनेश्वर, कोलकाता और अन्य रेलवे भर्ती बोर्डों के तहत की जाएगी। बिलासपुर में 568, भुवनेश्वर में 928, कोलकाता में 720 और सिकंदराबाद में 1500 पद हैं। आवेदन शुल्क सामान्य वर्ग के लिए 800 रुपये और अन्य वर्ग के लिए 250 रुपये निर्धारित है। शैक्षणिक योग्यताः मैट्रिकुलेशन और संबंधित ट्रेड में आईटीआई डिप्लोमा होना चाहिए।

### रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन में 150 पदों पर भर्ती

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने गैस टर्बाइन अनुसंधान प्रतिष्ठान (GTRE) में 150 पदों पर भर्ती का ऐलान किया है। इन पदों के लिए इंजीनियरिंग और गैर-इंजीनियरिंग ग्रेजुएट्स आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवारों को उनके योग्यता के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। आवेदन की अंतिम तिथि 8 मई 2025 है। चयनित उम्मीदवारों को 12 महीने तक अप्रेंटिसशिप का अवसर मिलेगा, और उन्हें हर महीने 8000 से 9000 रुपये का वेतन मिलेगा।

### NPCIL में एग्जीक्यूटिव ट्रेनी के 400 पदों पर भर्ती

न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन में एग्जीक्यूटिव ट्रेनी के पदों पर भर्ती निकाली गई है। उम्मीदवार अधिक जानकारी npcilcareers.co.in वेबसाइट पर जाकर 30 अप्रैल 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। इस पद के लिए योग्यता संबंधित क्षेत्र में बीई, बीटेक की डिग्री है। चयन के लिए गेट 2023, गेट 2024 या गेट 2025 में वैलिड स्कोर प्राप्त किया होना जरूरी अनिवार्य है। गेट 2022 या उससे पहले के स्कोर वैलिड नहीं होंगे। चयन इंटरव्यू के आधार पर किया जायेगा। इंटरव्यू के लिए शॉर्ट लिस्टिंग गेट स्कोर के आधार पर किया जाएगा।

### छत्तीसगढ़ व्यापम में ADEO के 200 पदों पर भर्ती

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल ने सहायक विकास विस्तार अधिकारी (ADEO) के 200 पदों पर भर्ती निकाली है। उम्मीदवार 2 मई 2025 तक vyapam.cgstate.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदकों के पास किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से ग्रेजुएशन की डिग्री होनी चाहिए। ग्रामीण विकास में डिप्लोमा या पीजी डिग्री वालों को प्राथमिकता दी जाएगी। आयु सीमा 20 से 30 वर्ष है, जिसमें आरक्षित वर्गों को छूट मिलेगी। परीक्षा 15 जून को आयोजित होगी और एडमिट कार्ड 6 जून को जारी किए जाएंगे। चयन लिखित परीक्षा और दस्तावेज़ सत्यापन के आधार पर होगा।

### नगर सैनिकों की लिखित परीक्षा 22 जून को

छत्तीसगढ़ होमगार्ड विभाग द्वारा 1715 महिला नगर सैनिक (छात्रावास ड्यूटी) एवं 500 नगर सैनिक (जनरल ड्यूटी) पदों के लिए लिखित परीक्षा 22 जून 2025 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर और अंबिकापुर में होगी। 20,137 अभ्यर्थी को लिखित परीक्षा के लिए चयनित किया गया है जिसकी सूची विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है। सभी को व्यापम की वेबसाइट https://vyapamcg.cgstate.gov.in पर 16 अप्रैल से 30 मई तक पंजीयन कर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। बिना पंजीयन के प्रवेश पत्र जारी नहीं होगा।

### रेलवे में अप्रेंटिस के 933 पदों पर भर्ती

साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे (SECR) ने नागपुर डिवीजन और वर्कशॉप मोतीबाग में अप्रेंटिस के 933 पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया है। इच्छुक उम्मीदवार apprenticeshipindia.gov.in पर 4 मई 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। 10वीं पास और संबंधित ट्रेड में ITI डिप्लोमा धारक आवेदन के पात्र हैं। चयन मेरिट के आधार पर होगा। चयनित उम्मीदवारों को 7700 रुपए से 8050 रुपए प्रतिमाह स्टाइपेंड मिलेगा। आयु सीमा 15 से 24 वर्ष है, एससी, एसटी को 5 वर्ष और ओबीसी को 3 वर्ष की छूट मिलेगी। उम्मीदवार आवश्यक दस्तावेज़ों के साथ समय पर आवेदन कर सकते है।

### रोजगार और नियोजन का एप लॉन्च

छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुरूप राज्य के प्रतिष्ठित समाचार पत्र रोजगार और नियोजन अब डीपीआर की वेबसाइट

https://dprcg.gov.in/



पर ऑनलाइन उपलब्ध होने के साथ अब एप पर भी उपलब्ध है। जिसे गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।

## छत्तीसगढ़

### आधार सेवाओं में उत्कृष्टता के लिए छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय सम्मान




आधार सेवाओं के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ ने एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है। राज्य को 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के बायोमैट्रिक आधार अपडेट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। यह सम्मान नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित "आधार संवाद" कार्यक्रम के दौरान प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ को यह सम्मान भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) के डिप्टी डायरेक्टर जनरल (फायनेंस) श्री तेनतु सत्यनारायण द्वारा सौंपा गया। राज्य की ओर से छत्तीसगढ़ सदन के श्री मनीष जोशी ने यह सम्मान ग्रहण किया। राज्य में 5 से 7 वर्ष तथा 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के अनिवार्य बायोमैट्रिक अपडेट के लिए विशेष अभियान चलाया गया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार चिप्स द्वारा पिछले एक वर्ष में राज्य के दूरस्थ एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में कुल 944 विशेष आधार शिविरों का आयोजन किया गया, जिनमें 38,762 नागरिकों का आधार पंजीयन एवं अद्यतन किया गया।

### पर्यटन को बढ़ावा देने तैयार किए जाएंगे टूरिज्म कॉरिडोर

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। छत्तीसगढ़ को देश के पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने के लिए पर्यटन, वन और जल संसाधन विभाग एकीकृत कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वन आधारित पर्यटन, महानदी, इन्द्रावती नदी एवं प्रदेश के प्रमुख बांधों में वाटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा दिया जाए। प्रदेश की शक्ति पीठों में पर्यटन सुविधाएं विकसित की जाएं। मुख्यमंत्री ने प्रमुख पर्यटन स्थलों में आस-पास के स्थलों को शामिल कर पर्यटन सर्किट और कारीडोर तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने केन्द्र सरकार से सहायता के लिए प्रदेश की पर्यटन परियोजनाओं के नये प्रस्ताव तैयार करने के भी निर्देश दिए।

### मुख्यमंत्री श्री साय ने झरिया मोबाइल ऐप व वेबपोर्टल किया लॉन्च

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने नवा रायपुर अटल नगर के पचेड़ा में 'झरिया' एल्कलाइन वॉटर बॉटलिंग प्लांट का शुभारंभ किया। इस प्लांट का संचालन पचेड़ा, अभनपुर के शारदा स्व-सहायता समूह द्वारा किया जाएगा। प्लांट के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने समूह की दीदियों से बातचीत की और एल्कलाइन वॉटर बॉटलिंग प्लांट संबंधी जानकारी ली। उन्होंने इस अवसर पर प्लांट के एल्कलाइन पेयजल का स्वाद भी चखा और कहा कि एल्कलाइन जल शरीर के लिए अत्यंत लाभकारी होता है। बिहान समूह की महिलाओं द्वारा पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर यूनिट के संचालन को मुख्यमंत्री श्री साय ने महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करने वाला एक प्रेरणादायक उदाहरण बताया।

### रायपुर एयरपोर्ट पर जल्द शुरू होगी इंटरनेशनल कार्गो की सुविधा

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने रायपुर में बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि जल्द ही रायपुर एयरपोर्ट पर इंटरनेशनल कार्गो की सुविधा शुरू होगी। इससे किसानों की उपजों को अंतरराष्ट्रीय मार्केट मिलेगा और उन्हें फायदा होगा। इस दौरान सीएम ने प्रदेश के अन्नदाता किसान भाई-बहनों से मिलेट्स, मक्का और ऐसी फसलों के उत्पादन का आग्रह किया, जिनमें पानी की खपत कम होती है। उन्होंने कहा कि हमें ऑर्गेनिक खेती की ओर बढ़ने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सौर सुजला योजना पुनः प्रारंभ की जाएगी, जिसमें किसानों को अनुदान पर सोलर सिंचाई पंप उपलब्ध कराए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने आय बढ़ाने के लिए किसानों से खेती के साथ-साथ उद्यानिकी, मत्स्य पालन, पशुपालन को अपनाने पर भी जोर दिया।

### जशपुर जिले के 63 करोड़ रुपए से अधिक लागत के विकास कार्यों की दी सौगात

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले को 63 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने जिला मुख्यालय जशपुर में आयोजित कार्यक्रम में 59.75 करोड़ रुपये के 22 कार्यों का भूमिपूजन और 3.64 करोड़ रुपये के 5 कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें जय स्तंभ चौक के सौंदर्यीकरण, छात्रावासों के निर्माण, सामुदायिक भवन, कम्पोस्ट सेंटर और आरआर सेंटर जैसी जनोपयोगी परियोजनाएं शामिल हैं।

### दंतेवाड़ा में 26 हार्डकोर नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

राज्य सरकार द्वारा नक्सलवाद के विरुद्ध चलाए जा रहे निर्णायक अभियानों को एक और बड़ी सफलता मिली है। दंतेवाड़ा जिले में 26 हार्डकोर नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के समक्ष आत्मसमर्पण किया, जो राज्य की नई आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति – 2025 की सफलता और विश्वसनीयता का प्रमाण है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर सुरक्षाबलों के जवानों को सहृदय बधाई देते हुए कहा कि नक्सलवाद के समूल नाश के हमारे संकल्प को निरंतर सफलता मिल रही है। इस उपलब्धि में नियद नेल्ला नार योजना और लोन वर्राटू अभियान की अहम भूमिका रही, जो आदिवासी युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए चलाए जा रहे हैं।

### समावेशी आजीविका योजना का शुभारंभ

जशपुर और कबीरधाम जिले के पांच विकासखण्डों में गरीबी उन्मूलन के लिए छत्तीसगढ़ समावेशी आजीविका योजना का शुभारंभ हुआ। नया रायपुर के होटल मेफेयर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशा और उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन में शुरू की गई इस योजना के तहत जशपुर और कबीरधाम जिले के 5 विकासखंडों के 5000 अति गरीब परिवारों को अगले तीन वर्षों में प्रशिक्षण, विशेष कार्ययोजना और सरकारी योजनाओं के माध्यम से स्थायी आजीविका से जोड़ा जाएगा। इससे उनकी आय में वृद्धि के साथ सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

### छत्तीसगढ़ में पेट्रोल पंप के लिए लाइसेंस की जरूरत खत्म

छत्तीसगढ़ सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए पेट्रोलियम रिटेल आउटलेट्स यानी पेट्रोल पंप के लिए राज्य स्तर पर लाइसेंस की अनिवार्यता को खत्म कर दिया है। यह बदलाव 14 नवंबर 2024 को खाद्य नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण विभाग की ओर से जारी एक अधिसूचना के जरिए लागू किया गया है। अब पेट्रोल पंप खोलने के लिए व्यवसायियों को सिर्फ केंद्रीय पेट्रोलियम अधिनियम के नियमों का पालन करना होगा। पहले की दोहरी अनुमति की प्रक्रिया को हटाकर इसे आसान बना दिया गया है। इस बदलाव से छत्तीसगढ़ में ईंधन की उपलब्धता बढ़ेगी, जिससे लोगों को पेट्रोल-डीजल आसानी से मिल सकेगा। खासकर उन इलाकों में, जहां अभी पेट्रोल पंप कम हैं, वहां सुविधा बेहतर होगी।

## राष्ट्रीय

### भारत-उज्बेकिस्तान सैन्य संबंधों को मजबूती देता 'डस्टलिक-6' का आरंभ




भारत-उज्बेकिस्तान संयुक्त सैन्य अभ्यास डस्टलिक-6 का छठा संस्करण महाराष्ट्र के पुणे में औंध स्थित विदेशी प्रशिक्षण केंद्र में शुरू हुआ। भारतीय दल का प्रतिनिधित्व 60 सैनिकों वाले जाट रेजिमेंट की एक बटालियन और भारतीय वायुसेना कर रही है। रक्षा मंत्रालय ने बताया है कि यह अभ्यास एक वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जो भारत और उज्बेकिस्तान में बारी-बारी से आयोजित किया जाता है। यह अभ्यास दोनों देशों को संयुक्त सैन्यव कौशल, तकनीक और प्रक्रियाओं में सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने में सक्षम बनाएगा। यह रक्षा सहयोग को भी बढ़ाएगा, जिससे दोनों मित्र देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध और मजबूत होंगे। यह अभ्यास 28 अप्रैल तक जारी रहेगा।

### कॉलेजों में अब सभी कोर्स में होगी एआई की पढ़ाई

एआईसीटीई ने तकनीकी शिक्षा को एआइ से जोड़ने के लिए नई कमेटी बनाई है। यह कमेटी एआइ को सभी स्ट्रीम्स में शामिल करने की दिशा में काम करेगी। एआईसीटीई के चेयरमैन प्रो. टीजी सीताराम ने कहा, कमेटी एआई को सभी कोर्स में लेटरल तरीके शामिल करने पर काम करेगी।

### SBI के लोन सस्ते, ब्याज दरों में 0.25% की कटौती

देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक एसबीआई ने रिजर्व बैंक की रेपो रेट में कटौती का फायदा ग्राहकों को देना शुरू कर दिया है। बैंक ने अपने लोन सस्ते कर दिए हैं। एसबीआई ने. रेपो लिंक्ड लेंडिंग रेट (आरएलएलआर) में 25 बेसिस प्वाइंट यानी 0.25% की कटौती की है।

### 'फ्लीट' की पहली महिला पायलट श्रद्धा

कैप्टन श्रद्धा भारतीय सेना की चीता हेलीकॉप्टर फ्लीट की पहली महिला पायलट बन गई हैं। उन्होंने लेफ्टिनेंट कर्नल केएस भल्ला के साथ हेलीकॉप्टर को को-पायलट किया। श्रद्धा 2020 में सेना में शामिल हुई थीं और 2023 में उड़ान की शुरुआत की। वह 165 घंटे की सोलो फ्लाइंग कर चुकी हैं।

### अब रिजर्व बैंक का वॉट्सएप चैनल, मिलेंगे अपडेट संदेश

रिजर्व बैंक ने वित्तीय जानकारी को अधिक आसानी से लोगों तक पहुंचाने के लिए वॉट्सएप चैनल लॉन्च किया है। आरबीआई इसका इस्तेमाल सुरक्षित डिजिटल लेनदेन और धोखाधड़ी से बचाव के बारे में जागरूकता संदेश देने के लिए करेगा। चैनल से बैंक द्वारा जारी क्यूआर कोड के जरिये जुड़ सकेंगे।

### नए आयकर विधेयक-2025 पर संसद भवन में लोकसभा की प्रवर समिति ने बैठक की

लोकसभा की प्रवर समिति ने संसद भवन में नए आयकर विधेयक-2025 पर चर्चा के लिए बैठक की। सांसद बैजयंत पांडा 31 सदस्यीय समिति के अध्यक्ष हैं। संसद के मॉनसून सत्र के पहले दिन समिति अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। आयकर विधेयक 2025 का उद्देश्य आयकर से संबंधित अधिनियम को समेकित और संशोधित करना है। इसे संसद के बजट सत्र के पहले भाग में लोकसभा में प्रस्तुत किया गया था। बाद में विधेयक को सदन की प्रवर समिति को भेज दिया गया।

### जापान 320 किमी/घंटे की गति वाली ई5 और ई3 बुलेट ट्रेन भारत को फ्री में देगा

मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर के लिए जापान भारत को दो शिंकानसेन ट्रेन ई 5 और ई 3 मुफ्त में देगा। इनकी डिलीवरी 2026 की शुरुआत में हो सकती है, ताकि यहां के उच्च तापमान और धूल जैसी पर्यावरणीय चुनौतियों के बीच ट्रायल का परिचालन डेटा जुटाया जा सके। वैसे, जापान अभी ई10 मॉडल बना रहा है, जो आधुनिक होने के साथ साथ ई3 और ई5 की तुलना में तेज होगा। जापान टाइम्स के मुताबिक ई10 को दोनों देशों में एक साथ ट्रैक पर उतारने मंथन चल रहा है, लेकिन मुंबई-अहमदाबाद कॉरिडोर का कुछ हिस्सा परिचालन के लिए अगस्त 2027 में शुरू किया जा सकता है।

### अंतरिक्ष यात्रा पर जाएंगे कैप्टन शुभांशु

भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अगले महीने इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) की यात्रा पर जाएंगे। वह अमेरिका के एक्सिओम-4 मिशन के तहत जा रहे हैं। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि शुक्ला की यह यात्रा भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र में नए युग की शुरुआत है। शुक्ला को इसरो के ह्यूमन स्पेसफ्लाइट प्रोग्राम के तहत शॉर्टलिस्ट किया गया है। वे गगनयान मिशन के लिए भी प्रमुख दावेदारों में शामिल हैं। यह अनुभव भारत के मानव अंतरिक्ष मिशन के लिए बेहद अहम होगा।

### 2,000 से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर नहीं लगेगा जीएसटी

केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया कि 2,000 रुपये से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर कोई जीएसटी नहीं लगेगा। जीएसटी मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) जैसे कुछ खास शुल्कों पर लगाया जाता है। सरकार के 2,000 रुपये से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर जीएसटी लगाने पर विचार करने की खबरों पर वित्त मंत्रालय ने कहा, यह पूरी तरह से गलत, भ्रामक और निराधार है। फिलहाल ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

### लेह में दुनिया का पहला 3डी प्रिंटेड मिलिट्री बंकर तैयार

सेना के लिए लेह में दुनिया का पहला ऑन-साइट 3डी-प्रिंटिड मिलिट्री बंकर तैयार किया गया है। बंकर 11,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित है और इसे उच्च ऊंचाई और कम ऑक्सीजन वाले हालो परिस्थितियों में बनाया गया। इसे आईआईटी हैदराबाद और हैदराबाद स्थित डीप-टेक स्टार्टअप सिंप्लिफोर्ज क्रिएशन्स ने मिलकर पूरा किया। प्रोजेक्ट "प्रबल" के तहत ऊंचाई वाले दुर्गम क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के मिलिट्री बंकर बनाने की योजना है। आईआईटी हैदराबाद के प्रोफेसर के वीएन सुब्रमण्यम के अनुसार, प्रोजेक्ट को दो हफ्तों में पूरा किया गया। बंकर की सतह पर विशेष ज्यामितीय पैटर्न बनाए गए हैं।

### पीएम मोदी और मस्क की बातचीत तकनीकी सहयोग पर भी हुई चर्चा

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति के करीबी सहयोगी और दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति इलॉन मस्क से फोन पर बात की। दोनों के बीच प्रौद्योगिकी एवं नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं पर चर्चा हुई। पीएम ने बातचीत को सकारात्मक बताया और कहा, भारत की टेक्नोलॉजी और इनोवेशन क्षेत्र में तेजी से बढ़ती भूमिका वैश्विक कंपनियों को आकर्षित कर रही है। इस चर्चा के दौरान भविष्य की साझेदारियों, ग्रीन एनर्जी, इलेक्ट्रिक व्हीकल्स और अंतरिक्ष अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं को लेकर उत्साह जताया गया। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत नवाचार और निवेश के लिए सबसे उपयुक्त गंतव्य बन गया है। वहीं, मस्क ने भी भारत में निवेश और विस्तार की संभावनाओं को लेकर रुचि दिखाई।

# अंतरराष्ट्रीय

### लॉरेन सांचेज सहित महिला सेलिब्रिटी अंतरिक्ष रवाना



अमेरिकी कारोबारी जेफ बेजोस की कंपनी 'ब्लू ओरिजिन' ने लॉरेन सांचेज को कैटी पेरी और गेल किंग सहित अन्य महिला सेलिब्रिटी के साथ अंतरिक्ष के लिए रवाना किया। न्यू शेपर्ड रॉकेट ने वेस्ट टेक्सास से उड़ान भरी। इस अंतरिक्ष यात्री दल की सभी सदस्य महिलाएं हैं। हेलीकॉप्टर पायलट और पूर्व टीवी पत्रकार सांचेज ने अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को 10 मिनट की पूरी तरह से स्वचालित उड़ान के लिए आमंत्रित किया, जिसमें गायिका- गीतकार पेरी और 'सीबीएस मॉर्निंग्स' की सह-प्रस्तोता किंग भी शामिल थीं। इस अंतरिक्ष यात्रा पर फिल्म निर्माता केरियन फ्लिन, नासा की पूर्व इंजीनियर आइशा बोवे, और वैज्ञानिक अमांडा गुयेन भी गई हैं।

### मलेशिया के पूर्व पीएम अब्दुल्ला अहमद का निधन

मलेशिया के पूर्व प्रधानमंत्री अब्दुल्ला अहमद बदावी का हृदय की बीमारी के कारण निधन हो गया। कुआलालंपुर स्थित अस्पताल 'इंस्टिट्यूट जातुंग नेगरा' ने यह जानकारी दी। बदावी का इस अस्पताल में उपचार चल रहा था। वह 85 वर्ष के थे। वे मलेशिया के पांचवें प्रधानमंत्री थे।

### भारत-नेपाल की व्यापार संबंधों को बढ़ाने पर सहमति

भारत और नेपाल ने दोनों देशों के बीच व्यापार संबंध और तस्करी रोकने के लिए परस्पर सहयोग में तकनीक का समावेश बढ़ाने की आवश्यकता पर सहमति जताई है। दोनों पक्षों के बीच सीमा शुल्क सहयोग पर 21वीं महानिदेशक स्तरीय वार्ता 10-11 अप्रैल, 2025 को काठमांडू, नेपाल में आयोजित की गई थी।

### पेरू के पूर्व राष्ट्रपति ओलांटा हुमाला को धन शोधन मामले में 15 वर्ष की जेल की सजा

पेरू के पूर्व राष्ट्रपति ओलांटा हुमाला को धन शोधन मामले में 15 वर्ष की जेल की सजा सुनाई गई है। राजधानी लीमा की एक अदालत ने उन्हें 2006 और 2011 में अपने चुनाव अभियानों को वित्तपोषित करने के लिए वेनेजुएला सरकार और ब्राजील की एक निर्माण कंपनी से अवैध धन लेने का दोषी पाया। उनकी पत्नी नादिन हेरेडिया को भी इस मामले में दोषी पाया गया और उन्हें भी 15 वर्ष जेल की सजा सुनाई गई। हालाँकि, ब्राजील के दूतावास में शरण मांगने के बाद उन्हें ब्राजील जाने की अनुमति दे दी गई है। इस बीच, हुमाला के वकील ने कहा है कि वह सजा के खिलाफ आगे अपील करेंगे।

### चीन ने अपने शीर्ष अंतरराष्ट्रीय व्यापार वार्ताकार के रूप में ली चेंगांग को नियुक्त किया

चीन ने अमरीका के साथ बढ़ते व्यापारिक तनाव के बीच अपने शीर्ष अंतरराष्ट्रीय व्यापार वार्ताकार के रूप में ली चेंगांग को नियुक्त किया है। जिन्होंने चीन और अमरीका के बीच वर्ष 2020 के व्यापार सौदे के लिए व्यापार वार्ता में हिसाब लिया था। अमरीका द्वारा कई देशों पर टैरिफ बढ़ाए जाने के बाद से दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं एक-दूसरे के सामानों पर लगातार टैरिफ बढ़ा रही हैं। चीन को वर्तमान में अमरीका को निर्यात पर एक सौ 45 प्रतिशत कर का सामना करना पड़ रहा है, जबकि अन्य देशों को अधिकांश शुल्कों के लिए 90 दिनों की छूट दी गई है। इससे पहले, चीन ने घोषणा की थी कि जनवरी से मार्च के दौरान उसकी अर्थव्यवस्था पांच दशमलव चार प्रतिशत वार्षिक दर से बढ़ी है।

### सिंगापुर में राष्ट्रपति थर्मन षणमुगरत्नम ने संसद को भंग किया

सिंगापुर में राष्ट्रपति थर्मन षणमुगरत्नम ने प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग की सलाह पर संसद को भंग कर दिया है। इससे आम चुनाव के लिए मार्ग प्रशस्त हो गया है। चुनाव के माध्यम से प्रधानमंत्री वोंग सत्तारूढ़ पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) के नेता के रूप में अपना पहला जनादेश प्राप्त कर सकेंगे। चुनाव विभाग द्वारा मतदान की तिथि निर्धारित किए जाने की उम्मीद है। पिछले साल वोंग ने सिंगापुर के संस्थापक प्रधानमंत्री ली कुआन यू के बेटे ली सीन लूंग का स्थान लिया था, जिससे प्रभावशाली ली परिवार के दशकों के नेतृत्व के बाद एक नए युग की शुरुआत हुई थी।

### ब्रिटेनः भारतीय मूल की मुमताज पटेल बनीं रॉयल कॉलेज ऑफ फिजिशियंस की अध्यक्ष

भारतीय मूल की डॉक्टर मुमताज पटेल को ब्रिटेन के प्रतिष्ठित रॉयल कॉलेज ऑफ फिजिशियंस का अध्यक्ष चुना गया है। 500 साल पुरानी संस्था के इतिहास में वे यह पद संभालने वाली भारतीय मूल की पहली महिला होंगी। मुमताज नेफ्रोलॉजिस्ट हैं।

### धरती से 124 प्रकाशवर्ष दूर जीवन के संकेत मिले

ब्रिटेन की कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने सौरमंडल के बाहर स्थित ग्रह के2-18बी पर जीवन के संकेत खोजे हैं। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप की मदद से वैज्ञानिकों ने इस ग्रह के वातावरण में डायमेथाइल सल्फाइड (DMS) और डायमेथाइल डिसल्फाइड (DMDS) रसायनों की मौजूदगी पाई है, जो पृथ्वी पर केवल जीवित प्राणी ही बनाते हैं। इससे ग्रह पर जीवन की प्रबल संभावना जताई गई है। भारत मूल के खगोलशास्त्री प्रो. निक्कू मधुसूदन के नेतृत्व में यह शोध हुआ है। यह खोज ब्रह्मांड में जीवन की तलाश की दिशा में बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

### भारत-अमेरिका में व्यापार समझौते पर हुई सहमति

टैरिफ के बढ़ते तनाव के बीच भारत और अमेरिका में व्यापार समझौते को लेकर सहमति बन गई है। दोनों देशों के अधिकारी इस पर चर्चा करेंगे। इसमें टैरिफ, गैर-टैरिफ बाधाओं और सीमा शुल्क सुविधा जैसे लगभग 19 अध्यायों को शामिल करने वाले संदर्भ की शर्तें शामिल हैं। भारतीय आधिकारिक दल ट्रंप प्रशासन की ओर से घोषित 90 दिवसीय टैरिफ विराम अवधि में वार्ता को और गति देने तथा द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए औपचारिक रूप से वार्ता शुरू करने से पहले कुछ मुद्दों पर मतभेदों को दूर करने के लिए अमेरिका का दौरा कर रहा है।

### धरती पर लौटे सबसे उम्रदराज अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री पेटिट

अमेरिका के सबसे उम्रदराज अंतरिक्ष यात्री डॉन पेटिट अपने 70वें जन्मदिन पर धरती लौट आए। वे रूस के दो अंतरिक्ष यात्रियों अलेक्सी ओवचिनिन और इवान वैगनर के साथ सोयूज एमएस-26 कैप्सूल में सवार थे। यह कैप्सूल कजाकिस्तान के मैदानों में पैराशूट की मदद से सुरक्षित उतरा। तीनों ने इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर 220 दिन बिताए और इस दौरान पृथ्वी की 3,520 बार परिक्रमा की। यह डॉन पेटिट का चौथा अंतरिक्ष मिशन था। अब तक वे कुल 590 दिन अंतरिक्ष में बिता चुके हैं। सबसे उम्रदराज अंतरिक्ष यात्री का रिकॉर्ड जॉन ग्लेन के नाम है।

# खेल / कला

### सूरज सिंह परिहार और आकर्षि कश्यप की जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीता



अखिल भारतीय पुलिस बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस टूर्नामेंट की मिक्सड डबल्स स्पर्धा में छत्तीसगढ़ का परचम लहराया है। इस स्पर्धा में छत्तीसगढ़ ने पहली बार गोल्ड मेडल जीता है। स्पर्धा का रजत पदक भी छत्तीसगढ़ के नाम रहा। केरल के क्षेत्रीय खेल केन्द्र राजीव गांधी इंडोर स्टेडियम कदवंथरा, एर्नाकुलम में 11 से 15 अप्रैल तक आयोजित अखिल भारतीय पुलिस बैडमिंटन और टेबल टेनिस टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ ने 43 टीमों के बीच पदक तालिका में तीसरे स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन और टेबल टेनिस में छत्तीसगढ़ ने कुल 11 पदक जीते। केरल के कोचीन में 5 दिवसीय कार्यक्रम का समापन हुआ। इससे पहले चंडीगढ़ में छत्तीसगढ़ ने 5 पदक जीते गए थे।

### ऋतुराज आईपीएल से बाहर, धोनी सीएसके के कप्तान

चेन्नई चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को आईपीएल 2025 में झटका लगा है। टीम के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ को कोहनी में फ्रैक्चर हो गया है। इसके चलते वे पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह महेंद्र सिंह धोनी फिर से कप्तानी संभालेंगे।

### शूटिंगः सुरुचि-सौरभ को मिक्स्ड पिस्टल में ब्रॉन्ज

भारतीय शूटर सुरुचि सिंह और सौरभ चौधरी ने वर्ल्ड कप के एयर पिस्टल मिक्स्ड में ब्रॉन्ज जीत लिया। उन्होंने ब्रॉन्ज मेडल मैच में ओलिंपिक डबल मेडलिस्ट मनु भाकर और रविंदर सिंह को 16-8 से हराया। यह सुरुचि का इस वर्ल्ड कप में दूसरा पदक था। इससे पहले उन्होंने महिला एयर पिस्टल में गोल्ड जीता था। इसके साथ ही वर्ल्ड कप में भारत ने चार गोल्ड समेत 8 मेडल हासिल किए और दूसरे स्थान पर फिनिश किया।

### मोंटे कार्लो मास्टर्स : कार्लोस अल्कारेज पहली बार चैम्पियन

वर्ल्ड नंबर-3 स्पेन के टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज मोंटे कार्लो मास्टर्स के चैम्पियन बन गए हैं। उन्होंने फाइनल में वर्ल्ड बैंक-16 इटली के लोरेंजो मुसेटी को 3-6, 6-1, 6-0 से मात देकर अपना छठा मास्टर्स खिताब हासिल किया है। पहली बार मास्टर्स 1000 फाइनल खेल रहे मुसेटी बाएं पैर में खिंचाव से जूझते रहे। तीसरे सेट में वे एक भी पॉइंट नहीं बना सके। यह 21 वर्षीय अल्कारेज का 13 महीनों में पहला मास्टर्स 1000 खिताब रहा।

### 17 वर्षीय पालोमेरो एटीपी टूर पर जीतने वाले पहले खिलाड़ी

जर्मनी के 17 साल के डिएगो डेडुरा-पालोमेरो 2008 में जन्मे एटीपी टूर पर मैच जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। डेडुरा-पालोमेरो ने बीएमडब्ल्यू ओपन के शुरुआती दौर में डेनिस शापोवालोव को पछाड़ने में सफल रहे। शापोवालोव जब मुकाबले में 7-6 (2), 3-0 से पीछे चल रहे थे तब उन्होंने इससे हटने का फैसला किया जिससे डेडुरा-पालोमेरो को जीत मिल गयी। एटीपी ने कहा कि डेडुरा-पालोमेरो से कम उम्र के केवल चार खिलाड़ियों ने एटीपी टूर पर जीत दर्ज की है। इसमें 1984 में 16 वर्षीय ओरिस बेकर भी शामिल हैं।

### लुकास ने 400 मीटर फ्रीस्टाइल में तैराकी का विश्व रिकॉर्ड बनाया

ओलंपिक चैंपियन जर्मनी के लुकास मार्टेंस ने स्विम ओपन स्टॉकहोम' में पुरुषों की 400 मीटर फ्रीस्टाइल में रिकॉर्ड बनाया। मार्टेंस ने पुरुषों की 400 मीदर फ्रीस्टाइल स्पर्धा तीन मिनट 39.96 सेकेंड में पूरी की जिसे यह तीन मिनट 40 के बैरियर को तोड़ने वाले पहले तैराक बन गए। तेईस वर्षीय मार्टेंस ने 2024 पेरिस ओलरिक में 3:41.78 के समय के साथ 400 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक जीता था।

### श्रेयस अय्यर को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया

भारतीय क्रिकेटर श्रेयस अय्यर को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दौरान शानदार बल्लेबाजी करने के लिए आईसीसी मेन्सप प्लेयर ऑफ द् मंथ चुना गया है। अय्यर ने अंतिम तीन मैच में 57 दशमलव तीन-तीन के औसत से कुल 172 रन बनाए। वे टूर्नामेंट के दूसरे सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने 48 दशमलव 60 के औसत से कुल 243 रन बनाए। महिला वर्ग में ऑस्ट्रेलिया की जॉर्जिया वॉल को मार्च महीने के लिए प्लेयर ऑफ द् मंथ चुना गया है।

### पंजाब ने 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर नेशनल चैंपियनशिप जीती

पंजाब ने 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर नेशनल चैंपियनशिप जीत ली है। फाइनल मुकाबले में पंजाब ने मध्य प्रदेश को 4-1 से पराजित किया। इससे पहले तीसरे-चौथे स्थाशन के लिए हुए मुकाबले में उत्तर प्रदेश ने मणिपुर को 5-1 से शिकस्त दी।

### धीरज बोम्मदेवरा ने फ्लोरिडा में जीता रजत, भारत को मिला कुल 4 पदक

तीरदांजी में अमरीका के फ्लोरिडा में तीरदांजी विश्व कप 2025 में भारत के धीरज बोम्मदेवरा ने रजत पदक जीता। धीरज ने पुरुषों के निजी रिकर्व स्पर्धा में एन्ड्रेस टेमिनो मेडिएल को 6-4 से हराया। यह इस प्रतियोगिता में धीरज का दूसरा पदक भी है। इस जीत के साथ भारत में तीरदांजी विश्व कप में कुल 4 पदक जीते। जिसमें एक स्वर्ण, एक रजत और दो कास्य पदक हैं। भारतीय टीम पदक तालिका में चौथे स्थान पर रही। इससे पहले तरुन दीप राय और अतनू दास के साथ धीरज ने रिकर्व पुरुष टीम स्पर्धा में एक रजत पदक जीता। कंपाउंड मिक्स्ड टीम स्पर्धा में ज्योति सुरेखा वेन्नम और रिषभ यादव की जोडी ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं अभिषेक वर्मा, रिषभ यादव और ओजस देवताले की पुरुष कंपाउंड टीम ने कास्य पदक जीता।

### पहला ऐतिहासिक आईबीएसएफ विश्व खिताब जीता सौरव ने

भारत के दिग्गज क्यू खिलाड़ी सौरव कोठारी ने आयरलैंड के कार्लो में कई बार के विजेता पंकज आडवाणी को फाइनल में हराकर 2025 आईबीएसएफ विश्व बिलियर्ड्स खिताब जीत लिया। क्यू स्पोर्ट्स की दुनिया ने स्नूकर और बिलियर्ड्स आयरलैंड (एसबीआई) अकादमी में प्रतिष्ठित खिताब के लिए भारत के दो बेहतरीन खिलाड़ियों कोठारी और आडवाणी के बीच रोमांचक मुकाबला देखा। कोठारी (40 वर्ष) आडवाणी को 725-480 अंक से हराकर चैंपियन बने।

### नीरज को 84.52 मीटर भाला फेंक में गोल्ड मेडल

भारत के स्टार जैवलिन थ्रोअर और डबल ओलिंपिक मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने 2025 के सीजन में दक्षिण अफ्रीका में पोचेफस्ट्रूम इनविटेशनल में 84.52 मीटर भाला फेंककर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। छह खिलाड़ियों के बीच हुए इस टूनमिंट में दक्षिण अफ्रीका के 25 वर्षीय डी स्मिट ने 82.44 मीटर के शो के साथ दूसरा स्थान हासिल किया।

# Directorate Sports & Youth Welfare Department

## Sardar Vallabh Bhai Patel, International Hockey Stadium Raipur

**Phone Number -0771-2262177 Email:- dir-sportsyw.cg@gov.in**

## -:: RECRUITMENT ADVERTISEMENT ::-

Director, Sports & Youth Welfare invites application from eligible. qualified and motivated Indian Citizen for providing consultancy on contract basis initially for period of 01 years and further extendable on the basis of satisfactory performance at Khelo India State Centre of Excellence Bahatari. Bilaspur.

**Post detail as Follow :-**

| S.No | Post | Number of Post | Remuneration |
|---|---|---|---|
| 01 | High Performance Manager | 1 | 100000-150000 |
| 02 | Head Coach Hockey | 1 | 100000-150000 |

www.sportsyw.cg.gov.in.

Director, Sports & Youth Welfare reserves all the rights to withdraw this advertisement at any time without assigning any reason. For any recruitment related query, e-mail to dir-sportsyw.cg@gov.in

**-: Detail of Post :-**

**01. <u>High Performance Manager</u> :-**

**Eligibility Criteria:**

| Criteria | High Performance Manager |
|---|---|
| Eligibility Criteria | Master Sports (MSI/PHD/MBA with at least 10 Years of Research Experience<br>**OR**<br>Eminent players having represented India in Senior Category with at least 5 Years of sports management/ Research experience<br>**OR**<br>Eminent Coach having trained Indian Player with at least 10 years of sports management/Research experience |

**Scoring Criteria for High Performance Manager**

| CATEGORIES FOR EVALUATION | MAX MARKS | SCORING OF MARKS (out of 100) |
|---|---|---|
| Total Work experience | 20 | 2 marks for every completed 1 year of work experience in the field of sports will be awarded, upto a maximum of 20 marks |
| Higher Educational Qualification | 10 | 10 marks for attaining Ph.D. in Physical Education, Management, Sports Science or any other relevant domain in the field of sports |
| Performance Monitoring &Evaluation | 30 | Clarity on subject matter related to performance of athletes, test protocols, weeding out, continuous evaluation, training programm designs, Long term athlete development, etc. |
| Sports Science | 20 | Knowledge of sports science related verticals, integration of sports science with overall development of athlete, recovery and rehabilitation, etc. |
| Organization & Development | 10 | How to create a winning culture and environment, managing coaching staff and support staff, coordination with Sports department, bringing out the best with the available talent & equipment, etc. |
| Sports Development | 10 | Develop and implement junior athlete programs, talent identification, etc. |

**Age Limit:** There is an upper age limit of 65 years.

**Job Description :-**

| Role Title | High Performance Manager |
|---|---|
| Reports to | Director, Sports & Youth Welfare. |
| Area | **Performance Evaluation & Management** |
| **Organisation** | Director, Sports & Youth Welfare. |
| **Location** | Khelo India State Centre Of Excellence Bahtari, Bilaspur. |
| **Roles that report to this position** | **High Performance Team Members** |

**ROLE PURPOSE**

Under the guidance of the Director, Sports & Youth Welfare the High Performance Director's, primary responsibilities of the role are:-

- Development and implementation of the Khelo India State Centre Of Excellence Bahtari, Bilaspur National high performance programmed and policies and the associated training programmes it encompasses.
- To lead and develop a professional, high-performing team to ensure the effective, efficient and economic delivery of performance investment and support programs.
- Provide overall leadership to develop training programs for athletes training in Khelo India State Level Centres of Excellence (KISCE), Khelo India scheme and other training centres of Directorate, Sports & Youth Welfare.
- Work closely with program coaches, sports scientists and athletes in performance monitoring across training and competition settings, to track data and provide detailed analytical information to both.
- Continually monitor new developments in the performance spectrum for knowledge enhancement of Coaches and the members of the high performance team.

**KEY CHALLENGES**

- Working within a highly competitive, complex multi-sport environment.
- Working together with multiple stakeholders with varying interests and agendas.
- Working to provide cross discipline delivery of performance requirements in close association with other experts.

**Key Accountability :-**

| Operational | Description |
|---|---|
| Performance Evaluation | • Ensure performance assessment of all athletes under the applicable schemes in accordance with NSF approved protocols<br>• Carry out athlete performance analysis in consultation with the high performance team<br>• Continuous evaluation of test protocols with the team to recommend betterment of the system.<br>• Work with other team members to assess appropriate intervention policies and athlete requirements and be part of regular athlete assessments and performance reviews. |
| Monitoring | • Complete training programme designs and implementation at Khelo India State Centre Of Excellence Bahtari, Bilaspur KISCE.<br>• Implementation of Sports Science deductions by the team in correct time frame and coordination.<br>• Data entry of all performance tests. |
| Data Assimilation | • Collection and Data entry of tests in NSRS System.<br>• Continuous usage of the system by all Coaches and high performance team members. |
| General | • Work collaboratively with all Coaches, other Sports Science team members towards organizational and performance driven outcomes.<br>• Ensure availability of all lab and field equipment in operational readiness. |

क्रमशः

| Role | Description |
|---|---|
| Performance Driver | • Plan, oversee, implement and evaluate all elements of national high-performance program and athlete channels to ensure sustainable excellence by KISCE athletes. Ensure Coach led- Athlete centric development.<br>• Document goals and program plans in KISCE strategic, high performance, and annual plans.<br>• Provide leadership and technical expertise to all high-performance program stakeholders.<br>• Communicate the vision and goals of the high-performance program.<br>• Advise sports scientists, medical, para medical staff and project managers to study and analyze international developments, performance and rehabilitation and recovery trends.<br>• Attend to training venues, playfield during training hours from time to time and also attend to games and competitions to provide overarching guidance towards Athlete Assessment.<br>• Ensure continuous need analysis by the team for performance enhancement of athletes in conjunction with Directorate, Sports & Youth Welfare. |
| Sport Development | • Implement Junior athlete development programmes.<br>• Coordinate,integrate and lead talent identification programmes<br>• Develop, promote and implement structured athlete pathways to feed into the high performance system.<br>• Retain and nurture athletes.<br>• Optimize development for athletes and coaches at all levels of sport development pathways. |
| Organisation & Management | • Create a winning culture and environment across the high-performance program.<br>• Ensure the provision of optimal coaching, science medicine and lifestyle support to athletes on the high-performance program.<br>• Recruit, direct and manage a coaching and support team with the skills and experience necessary to ensure that the goals of the high-performance plan are achieved.<br>• Set and review annual performance objectives for all High-Performance staff.<br>• Work closely with sports scientists and medical and para medical staff to implement an optimal sports science and medical support structure.<br>• Ensure good staff morale through effective people management practices and behavior. |
| Personnel Management | • Align and support coaches in implementation of performance and training program objectives.<br>• Manage and coordinate the activities of KISCE Bahtrai Bilaspur Team Programs coaches and staff including sport science and paramedical personnel<br>• Direct and manage KISCE Athletes Project Managers/ Project Leaders.<br>• Direct high performance administrative work in partnership with KISCE Bahtrai Bilaspur. |

**02. Head Coach Hockey:-**

**Eligibility Condition:**

**Essential Conditions/Education Qualification:**

Candidate should have diploma in Coaching from SAI/NS NIS or from any other recognized Indian/Foreign University and should have represented India in Olympics/World Cup/World Championship. Certificate Course from concerned National/International Federation is a must. Working knowledge of computer is essential. Minimum 10 years of experience of coaching is required.

**OR**

Experience in Coaching with Senior/Junior Indian teams or Decoration of Dronacharya/Arjuna/Dhyan Chand Award or who have produced medalists in International Competitions. Minimum 10 years of experience of coaching is required.

**OR**

Central Government / State Government / PSU employees may be allowed to apply for the position. However, the applicable recruitment rules of the Department of Personnel & Training (DoPT) will be applicable for all such postings on deputation.

**DESIRED QUALIFICATION:-**

- Demonstrated experience in planning, organizing and implementing a comprehensive high performance coaching programmed for international teams and athletes.
- Knowledge of leading trends in coaching, including coaching science. practices and the appropriate application of leading technology tools.
- A background in teaching to provide mentoring and instruction to other support Coaches and Staff involved with the Academy.
- The ability to attain excellence from players, coaches, staff and all stakeholders through the establishment of a 'winning culture.
- Effective management skills that reflect ability to build and successfully implement long-term strategic plans that are supported by informed operational decisions.

**Scoring Criteria for Head Coaches**

| Sr. No. | Parameters | Maximum Marks |
|---|---|---|
| 1. | Coaching Aptitude & Knowledge (including Rules & Regulation of the Game, Knowledge about High Performance Environment and knowledge about basic Sports Science) | 10 |
| 2. | Management and Administrative skills | 6 |
| 3. | Communication Skill | 5 |
| 4. | General Attitude | 5 |
| 5. | Basic Knowledge of Computer | 4 |
| | **Total** | 30 |

**JOB DESCRIPTION OF HEAD COACH :-**

**Responsibilities :-**

Head Coach's roles vary hugely according to context, but typical work activities are likely to include:

**Performance management :-**

Evaluating performance and providing suitable feedback, balancing criticism with positivity and motivation.

Assessing strengths and weaknesses in an athlete's performance and identifying areas for further development.

Adapting to the needs and interests of group or individual trainees.

1.1.2 Communicating instructions and commands using clear, simple language.

1.1.3 Encouraging participants to gain and develop skills, knowledge and techniques.

1.1.4 Ensuring that trainees train and perform to a high standard of health and safety at all times.

1.1.5 Inspiring confidence and self-belief.

1.1.6 Developing knowledge and understanding of fitness, injury, sports psychology, nutrition and sports science.

1.1.7 Working with IT-based resources to monitor and measure performance.

1.1.8 Acting as a role model, gaining the respect and trust of the people.

1.1.9 Liaising with other partners in performance management, such as Coaches, Physiotherapists, Doctors and Nutritionists.

1.1.10 Working to a high legal and ethical standard at all times, particularly in relation to issues such as child safeguarding gender equality and health and safety requirements including protection from sexual harassment

**PLANNING AND ADMINISTRATION :-**

1.1.11 Producing personalized training programmes.

1.1.12 Maintaining records of trainees performance.

1.1.13 Coordinating trainees attendance at meetings and other sports events

1.1.14 Planning and running programmes of activities for groups and individuals.

1.1.15 Co-coordinating with other coaches for transporting trainees to and from training sessions and sports events;

1.1.16 Seeking and applying for sponsorship agreements by engaging all stakeholders.

1.1.17 Finding appropriate competitions for participants.

क्रमश:

1.1. 18 Planning work schedule in consultation with other coaches.

-: COMMON TERMS & CONDITIONS :-

**a) Tenure:**

The contractual engagement will be initially for a period of one year further extendable on the basis of satisfactory performance, periodic reviews, result oriented, etc. and at all times coterminous with the Director, Sports & Youth Welfare. The contract can be terminated by giving a 30 days' Notice period by either party, ie. Director, Sports & Youth Welfare. or the employee. In cases of extreme impropriety by the employce, the contract will be terminated immediately without prior notice.

**b) Tax Deduction at Source:**

The Income Tax or any other tax liable to be deducted, as per the prevailing rules will be deducted at source before effecting the payment, for which the Director, Sports & Youth Welfare will issue TDS/Service Tax Certificates, as applicable.

**c) Other Allowances:**

No TA/DA shall be admissible for joining the assignment or on its completion. No other facilities like DA. Accommodation, Residential Phone, Conveyance Transport, Personal Staff. Medical reimbursement, HRA and LTC etc. would be admissible.

**d) Extension:**

Performance of the selected candidates would be continuously reviewed and their extension will be considered on the basis of periodic review/requirement.

**e) Leave:**

Selected candidates will be entitled for 30 days leave in a calendar year on pro-rata basis. Thereafter, candidates shall not draw any remuneration in case of his/her absence beyond 30 days in a year. Also unveiled leave in a calendar year will lapse and will not be carried forward to the next calendar year.

**CONFIDENTIALITY**

Selected persons will not be allowed to publish a book or a compilation of articles or participate in a radio broadcast or contribute an article or anon ymously or pseudonymous in the name of any other person, if such book. article, broadcast, uses any information that he/she may gather as part of this assignment.

b) During the period of engagement with Director, Sports & Youth Welfare. Employee would be subject to the provisions of the Indian Official Secret Act, 1923 and will not divulge any information gathered by him/her during the period of his/her engagement to anyone who is not authorized to know.

c) The Selected personnel at no instance can represent or give opinion or advice to others in any matter, which is adverse to the interest of the Government.

**OTHER CONDITIONS:-**

